उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक लि0
मुख्यालय : 2, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ–226001

पी.बी.एक्स. 2623806,2623740 2624972,2611522 2614007
फैक्स : 0522–2629284
ईमेल : upcb.lucknow@gmail.com
वेबसाइट : www.upcbl.in

पत्रांक : IT Cell / 2014–15 / PB-490
दिनांक : 14 अक्टूबर, 2014

मुख्य प्रबन्धक,
उ0प्र0कोआपरेटिव बैंक लि0,
पार्श्वांकित शाखाएं, उत्तर प्रदेश।

1. मुख्य शाखा, लखनऊ
2. डीएवी कालेज शाखा, कानपुर
3. गाजियाबाद शाखा
4. आगरा शाखा
5. वाराणसी शाखा

शीर्ष बैंक के नार्दन ग्रिड स्थित पॉच केन्द्रों–लखनऊ, कानपुर, आगरा, गाजियाबाद तथा वाराणसी में सी.टी.एस. आधारित क्लियरिंग सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। पार्श्वांकित शाखाओं के माध्यम से सम्बन्धित केन्द्र में स्थित शीर्ष बैंक की अन्य शाखाओं तथा उप सदस्य बैंकों की क्लियरिंग सम्पादित कराई जाती है, अतः यह आवश्यक है कि क्लियरिंग में प्राप्त समस्त चेकों की क्लीयरेंस निर्बाध रूप से समयान्तर्गत की जाय जिससे सम्मानित ग्राहकों को कोई असुविधा न हो तथा बैंक व्यवसाय भी बाधित न हो।

इस क्रम में सी.टी.एस. क्लियरिंग के अन्तर्गत प्राप्त चेकों के निस्तारण की महत्ता को देखते हुए यह आवश्यक है कि उपरोक्त पॉच शाखाओं में से किसी शाखा में किसी भी दिन यदि कनेक्टिविटी या हार्डवेयर फेल्योर के कारण सी.टी.एस. क्लियरिंग सेवा बाधित होने से उक्त केन्द्र की सम्पूर्ण क्लियरिंग सेवा बन्द होने की सम्भावना उत्पन्न होती है, तो इनवर्ड क्लियरिंग/रिटर्न पास करने की वैकल्पिक व्यवस्था की जाय।

अतः उक्त को दृष्टिगत रखते हुए निर्देशित किया जाता है कि पार्श्वांकित शाखाओं में से डी0ए0वी0 कालेज शाखा कानपुर, गाजियाबाद शाखा, आगरा शाखा, वाराणसी शाखा में यदि कनेक्टिविटी या हार्डवेयर फेल्योर से सी.टी.एस. सेवा बाधित होती है, तो सम्बन्धित शाखा प्रबन्धक की सूचना (ई–मेल/फैक्स) पर मुख्य शाखा लखनऊ द्वारा तत्काल उस शाखा की समस्त इनवर्ड क्लियरिंग/रिटर्न पास की जायेगी। इसी प्रकार यदि मुख्य शाखा लखनऊ में किसी व्यवधान के कारण सी.टी.एस. सेवा बाधित होती है, तो डी0ए0वी0 कालेज शाखा, कानपुर द्वारा मुख्य शाखा, लखनऊ की समस्त इनवर्ड क्लियरिंग/रिटर्न पास किया जाय, ताकि बैंक सेवा प्रभावित न हो।

(एस0सी0 द्विवेदी)
प्रबन्ध निदेशक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. समस्त महाप्रबन्धक,उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0, मुख्यालय, लखनऊ।
2. उप–महाप्रबन्धक (बैंकिंग), उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0, मुख्यालय, लखनऊ।
3. डाटा सेन्टर प्रभारी, उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0, मुख्यालय, लखनऊ।
4. प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स मेगासाफ्ट इन्फारमेशन सिस्टमस प्रा0 लि0, लखनऊ।

SCD

प्रबन्ध निदेशक